समाचार

मां यशोदा वात्सल्य भवन व कोरोना जांच केन्द्र का लोकार्पण किया राजस्व मंत्री ने

कोरबा 26 सितम्बर 2020 –प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने आज इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय परिसर में नवनिर्मित मां यशोदा वात्सल्य भवन का लोकार्पण किया, इसके साथ ही उक्त भवन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्थापित किए गए कोरोना जांच केन्द्र व कोरोना जांच सैम्पल कलेक्शन बूथ का लोकार्पण किया। इस मौके पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी विशिष्ट रूप से उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम कोरबा की पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के द्वारा विभिन्न स्थानों पर मां यशोदा वात्सल्य भवन का निर्माण कराए जाने की योजना क्रियान्वित की गई थी। नगर निगम कोरबा द्वारा उनकी उस योजना पर कार्य करते हुए इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय परिसर में मां यशोदा वात्सल्य भवन का निर्माण 05 लाख 50 हजार रूपये की लागत से कराया गया है, इस भवन के निर्मित हो जाने से जिला चिकित्सालय पहुंचने वाली ऐसी माताएं जिनके नवजात शिशु हैं, उन्हें अपने शिशुओं को स्तनपान कराने व शिशुओं की अन्य देखभाल के लिए सुविधायुक्त स्थान सुलभ हो सका है। आज प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने उक्त नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

कोरोना जांच केन्द्र का शुभारंभ– जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा उक्त नवनिर्मित भवन में फिलहाल कोरोना जांच केन्द्र, कोरोना जांच सैम्पल कलेक्शन बूथ स्थापित किया गया है, जिसका शुभारंभ भी आज राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के हाथों किया गया। इस मौके पर राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि

नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव व नियंत्रण तथा कोरोना की चैन तोड़ने के लिए राज्य सरकार हर आवश्यक कदम पूरी गंभीरता के साथ उठा रही है, कोविड अस्पतालों में भर्ती मरीजों को बेहतर इलाज सहित अन्य सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों, इसके लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। उन्होने कहा कि बिना लक्षण या कम लक्षण वाले कोविड–19 के पाजिटिव मरीजों को होम आईसोलेशन पर रहकर इलाज की सुविधा मुहैया कराई गई है, होम आईसोलेशन में रहने वाले मरीजों को समय पर दवाएं व अन्य चिकित्सकीय सुविधाएं मिले, इस दिशा में प्रशासन पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रहा है। राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि आज जिला चिकित्सालय परिसर में कोरोना जांच केन्द्र का शुभारंभ किया गया, जहां पर कोरोना जांच सैम्पल के कलेक्शन का कार्य किया जाएगा, इससे कोरोना की जांच कराने वाले लोगों को सुविधा मिलेगी तथा कोरोना के जांच संबंधी कार्यो में गति आएगी। उन्होने कहा कि यह भवन अस्पताल परिसर में एक किनारे पर स्थित है, अतः कोरोना की जांच कराने आने वाले संदिग्ध मरीजों की आवाजाही अस्पताल के मुख्य द्वार तथा परिसर के अन्य स्थानों पर नहीं हो सकेगी तथा संभावित मरीज एक निर्धारित क्षेत्र में ही रहेगे, परिणाम स्वरूप जिला अस्पताल आने वाले मरीजों व उनके परिजनों के संपर्क में वे नहीं आएंगे तथा अन्य लोगों के संक्रमित होने की संभावना नहीं रहेगी।

इस अवसर पर निगम के अपर आयुक्त अशोक शर्मा, सिविल सर्जन डॉ.अरूण तिवारी, निगम की मेयर इन काउंसिल के सदस्या एवं जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सपना चौहान, एम.आई.सी.सदस्य पालूराम साहू, प्रदीपराय जायसवाल, सुखसागर निर्मलकर, फूलचंद सोनवानी, जिला कांग्रेस के सचिव आनंद पालीवाल, रमेश वर्मा, निगम के कार्यपालन अभियंता आर.के.चौबे, सहायक अभियंता एन.के.नाथ, तपन तिवारी, देवेन्द्र स्वर्णकार, हरिशंकर साहू, वीणा मिस्त्री, आकाश अग्रवाल आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।